### खबर संक्षेप



## युवक के पास से पुलिस ने जब्त की स्मैक

**कटनी।** कोतवाली पुलिस ने एक युवक के पास से स्मैक जब्त की है। पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान पुलिस टीम जब शिवधाम क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी, तभी संदिग्ध अवस्था में मौजूद व्यक्ति को पकड़कर उसकी तलाशी ली गई। पूछताछ में उसने अपना नाम कैलाश निषाद पिता रामचंद्र निषाद 37 वर्ष निवासी खिरहनी फाटक बताया। उसके पास से काले बैग में 09.40 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक बरामद किया गया। मौके पर ही मादक पदार्थ की पुष्टि कर, गवाहों की उपस्थिति में विधिवत पंचनामा तैयार कर स्मैक को जप्त कर सीलबंद किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## कुंए में जहरीली गैस के रिसाव से किसान की मौत

**कटनी।** कुएं में जहरीली गैस के रिसाव के चपेट में आने से किसान की मौत हो गई है। घटना बरही थाना क्षेत्र के इटौरा गांव की है। जानकारी के अनुसार राकेश सिंह पिता हनुमान सिंह 40 के खेत में पुराना कुआं स्थित है। कुएं में पानी न होने के कारण उन्होंने बोर करवाया हुआ था। रविवार सुबह वे कुएं के अंदर उतरकर बोर में पाइपलाइन लगा रहे थे। बोरिंग मशीन में लगा कैप जैसे ही उन्होंने खोला तो जहरीली गैस का रिसाव होने लगा। कुछ ही देर में वह बेहोश होने लगे तो कुएं के ऊपर आने का प्रयास किया। कुछ दूर ऊपर चढ़े लेकिन बेहोश होकर नीचे गिए गए। घटना से हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में किसान व ग्रामीण मौके पर जमा हो गई। पुलिस को भी सूचना दी गई। इसी बीच ग्रामीण चेहरे पर कपड़ा बांधकर नीचे उतरे और राकेश सिंह को बाहर निकला। परिजन उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच कर मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी शैलेन्द्र यादव ने बताया कि कुएं के आसपास जाने से ग्रामीणों को मना किया गया है। मर्ग कायम कर प्रकरण की जांच की जा रही है।

## जिला आयुष अधिकारी का पदभार किया ग्रहण

**स्लीमनाबाद।** जिला आयुष चिकित्सालय कटनी में आयुष अधिकारी डॉक्टर रितु द्विवेदी के स्थानांतरण होने के पश्चात डॉक्टर आशीष रेजा जिला आयुष अधिकारी के रूप में नियुक्त होकर पदभार ग्रहण किया । आयुष चिकित्सालय के समस्त कर्मचारियों ने उनके पदभार ग्रहण के अवसर पर स्वागत किया ।

## बाइक चोरी करने वाले बदमाश को पकड़ा

**बड़वारा।** घर के सामने से मोटरसायकल चोरी होने के मामले में बड़वारा पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार कर बाइक बरामद की है। थाना प्रभारी केके पटैल ने बताया कि 16.07.2025 को फरियादी लखनलाल रजक ने शिकायत दर्ज कराई कि अपनी मोटरसाईकिल MP 21 MP 6750 को घर के बाहर रोड़ में खड़ा करके वह अंदर चला गया था। शाम करीब 4 बजे घर से बाहर निकला तो मेरी मोटरसाईकिल घर के बाहर नही थी। रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। मुखबिर की सूचना पर संदेही राजा कोल एंव चोरी मोटर सायकिल MP-21-MP-6750 की पता तलाश आस पास के गांवो एंव बड़वारा मे किया जो संदेही राजा कोल पिता प्रीतम कोल 24 साल निवासी हरदुआ थाना माधवनगर से पूंछतांछ की गई जो अपना मोटरसायकल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी को न्यायालय जेआर पर पेश किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि केके पटेल, सउनि महेश प्रताप सिंह, प्रआर. लालजी यादव, नितिन जयसवाल, आर. गौरीशंकर राजपूत, शिवप्रसाश तिवारी, बृजलाल प्रजापति की भूमिका रही।

### प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल भवनों की स्थिति है खराब, मंडरा रहा खतरा

# स्कूल भवन जर्जर, स्वास्थ्य केन्द्र में कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

एक तरफ सरकार स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की बात कर रही है, डिजिटल क्लास रूम और स्मार्ट एजुकेशन की योजनाएं बनाई जा रही हैं, दूसरी तरफ जमीनी हकीकत यह है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को स्कूल में बैठने तक की जगह नसीब नहीं है। शिक्षा विभाग की यह लापरवाही और संवेदनहीनता गंभीर सवाल खड़े करती है। ढीमरखेड़ा तहसील के अंतर्गत आने वाले गूंडा गांव में शिक्षा व्यवस्था की हालत बदहाल हो चुकी है। गांव का प्राथमिक स्कूल जर्जर हालत में पहुंच गया है, जहां बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता है, दीवारों में दरारें हैं, और बैठने तक की समुचित व्यवस्था नहीं बची है। बच्चों को न केवल जोखिम में शिक्षा लेनी पड़ रही है, बल्कि उनका मनोबल भी लगातार गिरता जा रहा है। स्कूल भवनों की स्थिति इतनी भयानक हो चुकी है कि स्कूल की कक्षाएं अब गांव के नवीन उप-स्वास्थ्य केंद्र में लगाई जा रही हैं।

शाला प्रभारी अशोक कुमार जायसवाल ने बताया कि स्कूल में 130 बच्चे दर्ज हैं। बीते वर्षों से स्कूल भवन जर्जर होने के कारण इस साल से स्वास्थ्य केन्द्र के दो कमरों में कक्षायें लगाते हैं। अनेकों दफा विभागीय अधिकारियों को समस्या से अवगत कराते हुए इस संबंध में पत्राचार किया,लेकिन अब तक समस्या नहीं सुधरी हैं।





### पालकों में आक्रोश, प्रशासन मौन

ग्रामीणों और पालकों ने कई बार नया भवन निर्माण की मांग की है। ग्राम सभाओं से लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों तक गुहार लगाई गई, लेकिन जिम्मेदारों की नींद नहीं टूटी। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारी सिर्फ आश्वासन देते हैं, लेकिन जमीन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही।अब पालकों और ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।सरपंच संकेत लोनी ने भी स्कूल भवन के लिए कलेक्टर, विधायक, सांसद और स्कूल शिक्षा मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक पत्राचार किया है। फिर भी बच्चों को पढ़ाई के लिए स्कूल का नया भवन नसीब नहीं हो सका।

### माध्यमिक स्कूल में भर जाता है पानी

गूंडा गांव के माध्यमिक स्कूल का भवन भी जर्जर हालत में है।कमरों में दरारें है। बारिश के दिनों में ज्यादा समस्या होती है। स्कूल के कमरों से पानी टपकता हैं। छत की प्लास्टर भी नीचे गिरती है। समस्या के चलते बच्चों को न समय पर पढ़ाई मिल रही है, न पाठ्य सामग्री का समुचित उपयोग हो पा रहा है। बरसात के मौसम में जब स्कूल के कमरों में पानी भर जाता है, तब बच्चों को छुट्टी देनी पड़ती है।ऐसे में पढ़ाई का नुकसान तो होता ही है, साथ ही बच्चे मानसिक रूप से भी प्रभावित हो रहे हैं।

ढीमरखेड़ा के प्रभारी बीईओ लखन बागरी ने बताया कि गूडा के दोनों स्कूल भवन जर्जर हो गए।इस संबंध में पूर्व में ही वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी भेजी जा चुकी है।जर्जर भवन होने के कारण प्राथमिक स्कूल की कक्षाएं स्वास्थ्य केंद्र में लग रही हैं।

### इनका कहना है

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल सिंह का कहना है कि गूंडा का प्राथमिक स्कूल ज्यादा जर्जर हैं।वैकल्पिक व्यवस्था के लिए स्वास्थ्य विभाग में कक्षाएं संचालित हो रही है। दोनों भवनों की मरम्मत के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। बजट प्राप्त होते ही भवनों की मरम्मत कराई जाएगी।



## शिवालयों में पूजन करने उमड़े श्रद्धालु, भोलेनाथ के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

सावन माह के दूसरे सोमवार को शिवालयों में बड़ी संख्या मे भक्त पूजन अर्चन करने पहुँचे।। जिनके द्वारा भगवान शिवशंकर का जलाभिषेक, रुद्राभिषेक कर विशेष पूजा अर्चना की गई। भक्तो के द्वारा हाथों में जल का लोटा व पूजन की थाली लिए शिवालयों मे पहुँचे। भगवान भोलेनाथ की आराधना के लिए सुबह से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। बहोरीबंद के प्रसिद्ध रुपनाथ धाम मंदिर में अल सुबह से आस्था का सैलाब उमड़ा। लंबी कतार में लगने के बाद श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का दर्शन-पूजन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ को नैवेद्य आदि अर्पित किए व जलाभिषेक किया। इसके अलावा जिलहरी धाम,बाबा गढ़ धाम,शिव मंदिर व तपस कुंड धाम मैं सुबह से दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर भक्तों ने सुख-समृद्धि के लिए कामना की व अच्छी वर्षा के लिए प्रार्थना की।

स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मे महिला मंडल की सदस्यों के द्वारा भगवान शिव की पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया गया। वेद मंत्रो की ध्वनि के साथ रुद्राभिषेक सम्पन्न हुआ। साथ ही रामचरित मानस पाठ किया गया। पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि सावन मास मै प्रतिदिन सिंहवाहिनी मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम चलेगा। सावन सोमवार को विशेष धार्मिक कार्यक्रम तो हो ही रहे है साथ ही 27 जुलाई को हरियाली तीज ओर 31 जुलाई को राधाष्टमी महोत्सव के रूप में मनाई जाएगी।

### बरही पुलिस ने चलाया जांच अभियान, प्रकरणों को कोर्ट में किया पेश

## ड्रिंक एंड ड्राइव के 6 प्रकरणों में न्यायालय द्वारा 60,000 रुपये का लगाया गया अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध बरही पुलिस ने कार्यवाही की है। कार्यवाही के दौरान 6 वाहन चालकों पर कार्यवाही करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा 60 हजार रूपए का अर्थदंड लगाया गया है।

थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में जिलेभर में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं अपराध नियंत्रण अभियानः प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है।




एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेन्द्र धार्वे के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी बरही शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में थाना बरही के सामने एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 25 वाहन चालकों की ब्रीथ एनालाइज़र से जांच की गई। जांच में 6 मोटरसाइकिल चालकों द्वारा शराब सेवन कर वाहन चलाना पाया गया।

जांच अभियान के दौरान नशे की हालत में पाये जाने वाले जिन वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई है उनमें वाहन क्रमांक MP-21-ZB-3308, MP-21-ZF-4045, MP-19-ZJ-1144, MP-54-MB-5282, MP-54-MA-5363 एवं MP-21-MR-9038 शामिल हैं। उक्त चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही कर उनके विरुद्ध CHC बरही में चिकित्सकीय परीक्षण उपरांत मामला न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। सोमवार को न्यायालय द्वारा आरोपित चालकों को कुल 60,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। पुलिस द्वारा नशा मुक्त समाज एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था की दिशा में इस प्रकार की कार्यवाहियाँ लगातार जारी रहेंगी।

### पौधारोपण कर कर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का दिलाया संकल्प




एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत सोमवार को स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र अंतर्गत ज्ञान मंगलमय पब्लिक स्कूल बिचुआ मे पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम के तहत प्राचार्या सोहनी जैन ने छात्र –छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि वर्तमान मैं बढ़ते प्रकृति दोहन के कारण ग्लोबल वार्मिंग की समस्या उतपन्न हो रही है जिससे वर्षा भी पर्याप्त नही हो पा रही है। पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन होने से वर्षा भी सही होगी क्योंकि पेड़ पौधो का जीवन में महत्व बहुत बड़ा है। पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन होने से वर्षा भी सही होगी। विद्यार्थियों ने पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने कहा कि हम अपने परिवार अपने मित्रों एवं क्षेत्र के लोगों को पर्यावरण सुरक्षा के लिये प्रेरित करेंगे ओर पर्यावरण को आगे संभालेंगे। इस दौरान डायरेक्टर सौरभ जैन, आशीष असाठी, राजकुमार यादव, शालिनी पांडेय सहित स्कूल स्टॉफ ओर विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## गंदगी एवं कचरे के ढेर के बीच से आवागमन करने विवश हैं रहवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

ग्राम पंचायत उमरियापान के वार्ड क्रमांक 20 की स्थिति कुछ ऐसी है कि यहाँ न सड़क है, न नाली, और न ही साफ-सफाई की व्यवस्था। चारों ओर गंदगी का अंबार है। हालत इतनी बदतर है कि लगता है जैसे यह वार्ड किसी सुनियोजित योजना का हिस्सा ही नहीं था। ग्राम पंचायत उमरियापान एक सक्रिय पंचायत मानी जाती है, जहां पर कृषि, जनकल्याण और निर्माण कार्यों के लिए कई योजनाएं स्वीकृत होती रही हैं। मगर इस पंचायत का वार्ड क्रमांक 20 ऐसा इलाका बन चुका है जो विकास की दौड़ में पूरी तरह से पीछे छूट गया है।



वार्ड क्रमांक 20 की गलियों में आज भी लोगों को कीचड़ और कूड़े-कचरे से होकर निकलना पड़ता है। न कोई सीसी रोड है, न पक्की नाली, और न ही जल निकासी की व्यवस्था। बरसात के दिनों में हालात और भी बदतर हो जाते हैं घरों में गंदा पानी घुस आता है और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। वार्ड में नालियों की व्यवस्था न होने के कारण गंदा पानी घरों के सामने ही जमा हो जाता है। पानी के ठहराव से मच्छर पनपते हैं, जिससे मलेरिया, डेंगू और टाइफाइड जैसी बीमारियों का खतरा बना रहता है। बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। किसी भी प्रकार की सफाई व्यवस्था नहीं है , न कोई सफाई कर्मचारी आता है, न पंचायत का ध्यान।

## धरा गया बदमाश, चोरी के जेवरात किये बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम लखाखेरा में सूने घर में दिनदहाड़े हुई चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी के.के. पटेल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा व्दारा क्षेत्र बढ़ रही चोरियों का खुलासा करने चोरी करने वालो के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं डीएसपी. हेडक्वाटर उमराव सिंह के मार्गदर्शन में थाना बड़वारा क्षेत्रांतर्गत ग्राम लखाखेरा में सूने घर में दिनदहाड़े हुई चोरी का खुलासा कर चोरी करने वालो के विरूद्ध मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया था।

विगत 27 जून को शिवकुमारी भूमिया पति संतोष कुमार भूमिया थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि घर मे ताला बन्द करके दोनो लडके सहित खेत चले गये थे

### दोपहर में घर पहुंचे तो टूटा पड़ा था ताला

दोपहर 2/30 बजे जब वे घर खाना खाने आये तो देखी कि घर के मेन गेट का ताला टूटा था एवं अन्दर कमरे का भी ताला टूटा था तथा कमरे के अन्दर रखी छोटी पेटी का ताला टूटा था एवं ट्रम का टक्कन खुला था एवं फरियादिया की पेटी मे रखे 200 रूपये व जमीन के कागज नही थे तथा ट्रम मे रखे 1 हाफ करधन, 1 चाँदी की पायल, 1 छन्नी, 1 चाँदी की चैन, 2 सोने की लाकेट नही थे जो मेरे सोनो चाँदी के पुराने इस्तमाली जेवर नही थे जो करीबन 40 हजार रूपये के थे कोई अज्ञात व्यक्ति घर का ताला तोड कर घर मे घुस कर चोरी कल ले गया है की रिपोर्ट पर थाना बड़वारा में अपराध क्र. 352/25 धारा 303(3),305 बीएनएस पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया।

### चोरी की सामग्री बरामद

वरिष्ट अधिकारियो के मार्गदर्शन में क्षेत्र में अज्ञात चोरों को पकड़ने के लिये लगातार भ्रमण कराया जाकर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। मुखबिर से अज्ञात चोर के संबंध में सूचना प्राप्त हुई थाना बड़वारा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम सकरीगढ़ से संदेही मुकेश नाई पिता शिवप्रसाद नाई निवासी ग्राम गणेशपुर को हिरासत में लिया गया। जिससे पूँछतांछ करने पर ग्राम लखाखेरा में चोरी करना बताया। संदेही मुकेश नाई के बताए अनुसार उसके मेमोरेण्डम कथन भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 23(2) के तहत लेख किए गए जिसने ग्राम लखाखेरा में चोरी करना बताया। आरोपी से चोरी का मशरूका एक चाँदी का हाफ करधन, एक जोड़ी चाँदी के पायल, एक नग चाँदी के छलबल, एक नग सोने की लॉकेट, एक नग चाँदी के चान बरामद किया गया। आरोपी मुकेश सेन पिता शिवप्रसाद नाई उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम गणेशपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय जेआर पेश किया गया।

कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि केके पटेल, सउनि महेश प्रताप सिंह, प्रआर. लालजी यादव, आर गौरीशंकर राजपूत, आर.शिवप्रसाश तिवारी, आर. बृजलाल प्रजापति, की विशेष भूमिका रही

### बाल कल्याण एवं वन स्टॉप सेंटर समन्वय समिति की बैठक आयोजित

## भिक्षावृत्ति एवं बालश्रम में लिप्त बच्चों के पुनर्वास प्रयासों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के मार्गदर्शन में सोमवार को जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति एवं वन स्टॉ प सेंटर समन्वय समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे किया गया। इस बैठक में अपर कलेक्टर साधना परस्ते द्वारा मिशन वात्सल्य अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं वन स्टॉ प सेंटर के संचालन की समीक्षा की गई।

बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्तें द्वारा पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की जाकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जिले मे कठिन परिस्थितियों एवं जोखिम ग्रस्त क्षेत्रो मे निवास कर रहे बच्चों के लिए बाल संरक्षण सेवाओं की मैपिंग की समीक्षा की गई। जिले



मे स्पांसरशिप और संस्थागत देखभाल के कार्यक्रम के क्रियान्वीयन, आकस्मिक परिस्थितियों मे प्राप्त होने वाले बच्चों को तत्काल संरक्षण प्रदान किये जाने उपयुक्त संस्था की उपलब्धता, बाल भिक्षावृत्ति एवं बालश्रम मे लिप्त बच्चों के चिन्हांकन एवं उनके पुनर्वास के लिए किये जा रहे प्रयासों की समीक्षा कर संबंधित विभागो को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

### विभागों को दिए निर्देश

बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती परस्त् द्वारा विधि विरूद्ध किशोर एवं देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों हेतु परामर्शदाता की उपलब्धता एवं लैंगिक अपराधो से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 के अंतर्गत सपोर्ट पर्सन के पैनल गठन के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। साथ ही मिशन वात्संल्य अंतर्गत जिले मे संचालित बाल देख-रेख संस्थाओं मे निवासरत बच्चों के विद्यालय मे प्रवेश एवं स्वास्थ्य परीक्षण हेतु शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया।

बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती परस्ते द्वारा एनसीपीसीआर के घर पोर्टल की समीक्षा की गई एवं बाल कल्याटण समिति एवं किशोर न्यादय बोर्ड के कार्यो एवं संचालन का समुचित प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग को दिये गये।

बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती परस्तें ने वन स्टॉप सेंटर जिला कटनी के संचालन की समीक्षा कर महिला हेल्पलाइन 181 एवं घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम अंतर्गत प्राप्तं प्रकरणों के समय सीमा मे निराकरण एवं नियमित अनुवर्तन के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान प्रतिभा पाण्डेशय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, नीलेश दुबे आयुक्तो नगर पालिक निगम, वनश्री कुर्वेती सहायक संचालक, डॉ. राज सिंह ठाकुर मुख्‍ चिकित्सा् एवं स्वा स्थ्ा अधिकारी, विमल चौरसिया जिला संयोजक आदिम जाति कल्याीण विभाग, अनुराग मोदी उपसंचालक सामाजिक न्याय, डॉ रूकमणि प्रताप सिंह उच्चस शिक्षा, एस.एस. मरावी सहायक संचालक शिक्षा, रमाकांत लोधी श्रमविभाग, मनीष के सिंह योजना विभाग आदि की उपस्थिति रही।

## 38 हजार रूपए कीमती देशी एवं अंग्रेजी शराब की गई जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

मादक पदार्थों की अवैध बिक्री करने वालों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने देशी एवं अंग्रेजी शराब जब्त की है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार डेहरिया एवं एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बरही शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में यह कार्यवाही की गई।

पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर इटौरा में दबिश के दौरान मेन रोड मे किराये की दुकान में 1. बीयर पावर 1000 की 20 बाटल प्रत्येक में 650 एम एल शराब कुल मात्रा 13 लीटर 2- अग्रेजी शराब इम्पीरियर ब्लू 06 बाटल प्रत्येक में 750 एम एल शराब मात्रा 4.5 लीटर शऱाब 3- अग्रेजी शराब रायर स्टेज 6 बाटल प्रत्येक में 750 एम एल शराब मात्र 4.5 लीटर शराब 4- देशी प्लेन मदिरा शराब 100 पाव प्रत्येक में 180 एम एल शराब कुल मात्रा 18 लीटर 5- देशी लाल मसाला 50 पाव प्रत्येक में 180 एम एल शराब मात्र 9 लीटर शराब 6- गोवा 50 पाव प्रत्येक में 180 एम एल शराब मात्रा 9 लीटर इस प्रकार कुल शऱाब 58 लीटर कीमती करीबन 38,800/–रुपए जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आब.अधि.के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया। एवं बरही शराब दुकान के गद्दी दार को भी आरोपी बनाया गया है।

कार्यवाही में थाना प्रभारी बरही शैलेंद्र यादव, एसआई विनोदकांत सिंह, एएसआई राजेश कोरी, प्रआर अजय पाठक, उदय पाल सिंह की भूमिका रही ।

## खबर संक्षेप

### नशामुक्ति अभियान के तहत दिलाई गई शपथ

**कटनी।** विशेष नशा मुक्ति जन-जागरूकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी के तहत जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में लगातार जन-जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। थाना रंगनाथ नगर के द्वारा मुड़वारा स्टेशन के बाहर ऑटो चालकों एवं आमजन को नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूक किया गया। इसी तरह निवार चौकी पुलिस ने ग्राम पंचायत बिछुआ के साप्ताहिक हाट-बाजार में ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। बड़वारा पुलिस ने साप्ताहिक बाजार बचैया में आयोजित कार्यक्रम में करीब 300 ग्रामीण, व्यापारी एवं 2 निगरानी बदमाशों ने भाग लिया। सभी को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। स्लीमनाबाद पुलिस ने बस स्टैंड स्लीमनाबाद एवं ग्राम भूला बाजार में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में थाना प्रभारी अखलेश दाहिया द्वारा नशे के आर्थिक, शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों पर संवाद किया गया। इस दौरान पंपलेट वितरण, मानव श्रृंखला, शपथ ग्रहण एवं प्रेरणादायक वीडियो प्रदर्शन जैसे सशक्त माध्यमों से जनमानस को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में 100 से 150 नागरिकों की उपस्थिति दर्ज की गई। ग्राम देवरी हटाई थाना बडवारा में नागरिकों के साथ जनसंवाद एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कटनी पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि वे इस अभियान में सहभागी बनें एवं अपने आसपास नशे से जुड़ी किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### स्कूल में नही लगा आधार शिविर, बच्चे और ग्रामीण होते रहे परेशान

**सिलौंडी।** सोमवार को शासकीय बालक हायर सेकंडरी में आधार पंजीयन शिविर लगाना था परंतु मशीन की खराबी बोल कर आधार पंजीयन शिविर नही लगा है सिर्फ बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाए गए है। आधार पंजीयन शिविर की मुनादी को सुनकर ग्रामीण बालक हायर सेकंडरी सिलौंडी स्कूल के चक्कर लगाते हुए परेशान होते रहे है। ग्रामीणों ने बताया ग्राम पंचायत सिलौंडी की मुनादी कि आज सिलौंडी में आधार पंजीयन शिविर हो रहा है हम लोग अपने काम का नुकसान कर आए परंतु आधार पंजीयन शिविर नही होने से हमारी मजदूरी का नुकसान हुआ साथ ही हम दिन भर परेशान भी रहे है ।

### मूँग एवं उड़द उपार्जन की समीक्षा कर दिये निर्देश

**कटनी।** सोमवार को समय सीमा की बैठक में कलेक्टर दिलीप यादव ने मूँग और उड़द के उपार्जन की समीक्षा के दौरान कृषि विभाग एवं सभी एसडीएम को निर्देशित करते हुये कहा कि उपार्जन हेतु पंजीकृत किसानों को प्रोत्साहित करें। साथ ही किसानों से बात कर उपार्जन में आ रही समस्याओं की जानकारी लें एवं इन समस्याहओं का समाधान करें। इसके लिये ग्रामीण कृषि विस्तांर अधिकारियों की भी सेवायें लें।

### जिले में अब तक 606.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से सोमवार 21 जुलाई तक कुल 606.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 770.3 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 206.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 193.7 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख हर्षवर्धन रामटेके ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 630.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 770.3 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 502 मिलीमीटर, बरही तहसील में 468 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 603.3 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 564.5 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 767 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 546.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

---

### कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में सीएम हेल्पलाइन, समय-सीमा पत्रों की समीक्षा कर दिये निर्देश

# योजनाओं एवं कार्यों की जमीन स्तर पर स्थिति परखने फील्ड में जाएं अधिकारी, लचर कार्यप्रणाली पर नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम डैशबोर्ड, सीएम मॉनिट, समय-सीमा पत्रों, मूंग एवं उड़द उपार्जन की समीक्षा करते हुए विभागों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत और अपर कलेक्टर साधना परस्तें मौजूद रहे।



समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने विभागों को निर्देशित करते हुये कहा कि सभी विभाग सीएम मॉनिट से प्राप्त शिकायतों पर शीघ्र कृत कार्यवाही का प्रतिवेदन दें। वहीं सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत केपीआई स्कोतर की समीक्षा के दौरान उन्होंयने वेटनरी, पीएचई एवं स्वा्स्थ्य विभाग का स्कोसर कम होने पर इन विभागों को स्कोवर में सुधार करने हेतु निर्देशित किया।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने सभी मैदानी विभागों को निर्देशित किया कि सप्ताह में कम से कम 1 दिन फील्ड पर अवश्य जायें ताकि जमीनी स्तर पर कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वंयन का सही आंकलन हो सके।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि 21 दिन से कम खुलने वाली आंगनबाड़ी सहायिका का वेतन काटें और कार्यप्रणाली में सुधार नहीं होने पर सेवा समाप्ति की भी कार्यवाही की जाय।

#### कारण बताओ नोटिस

बैठक के दौरान कलेक्टटर श्री यादव ने कचनारी लोक सुनवाई में अनुपस्थित रहने, छात्रावासों में 100 प्रतिशत नामांकन पूरा न होने तथा धरती आबा अभियान की विस्तृभत जानकारी न देने पर आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक विमल चौरसिया की लचर कार्यप्रणाली पर नाराजगी जाहिर करते हुये कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार रिटायर्ड आंगनबाड़ी सहोयिकाओं की लॉगिन आईडी बंद न करने तथा सहायिकाओं एवं कार्यकर्ताओं की नई लॉगिन आईडी न बनाने पर संतोषजनक जवाब न दे पाने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रतिभा पाण्डोय की सुस्तर कार्य व्यबवस्था पर असंतोष जाहिर करते हुये कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

#### हेल्पालाइन रैंकिंग में सुधार करें

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को शिकायतों के जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंतने बी ग्रेड वाली तहसीलों बड़वारा, स्लीमनाबाद एवं बहोरीबंद को राजस्व. विभाग के अंतर्गत लंबित शिकायतों का नियमानुसार निराकरण कर रैंकिंग में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंतने सीएम हेल्पलाइन में स्टेलट ऐवरेज से कम स्कोरि होने पर स्वास्थ्य विभाग को और गंभीर होकर पूरी प्राथमिकता के साथ शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायती राज विभाग को भी निर्देशित करते हुये कहा कि सीएम हेल्पंलाइन में अभी सुधार की काफी संभावना है।

#### नामांकन न होने पर नाराजगी

बैठक में कलेक्टर श्री यादव ने छात्रावासों में 100 प्रतिशत नामांकन न होने पर नाराजगी जाहिर करते हुये जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक एवं आदिम जाति कल्यानण विभाग को छात्रावासों में शीघ्र ही शत-प्रतिशत सीटों में नामांकन पूरा करने के निर्देश देते हुये कहा कि जरूरत पड़ने पर आस-पास के छात्र-छात्राओं का नामांकन करवायें।

बैठक के दौरान कलेक्टकर श्री यादव ने ग्राम कांटी एवं बचैया में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान राजस्वर विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, भू-अभिलेख, एमपीईबी, वेटनरी, पीएचई, जल संसाधन विभाग, पीडब्यूडी, आदि की बिजली, पानी, प्रधानमंत्री आवास, लाड़ली बहना, रजिस्ट्री , सीमांकन, अवैध अतिक्रमण, फौती नामांतरण, राशन पर्ची से संबंधित शिकायतों की समीक्षा करते हुए इन शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिये।

बैठक में सभी डिप्टी कलेक्टजर, एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत के सीईओ, उपसंचालक खनिज रनें श दीक्षित, आयुक्तत नगर निगम नीलेश दुबे, जिला आपूर्ति अधिकारी उपस्थित रहे।

---

### खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा मौका

**कटनी।** खाद्य प्रसंस्कमरण के क्षेत्र में खुद का कारोबार स्थाापित करने के लिये प्रधानमंत्री सूक्ष्मा खाद्य उद्यम उन्नयन योजना चलाई जा रही है। इस योजना में लागत का 35 फीसदी अनुदान और ब्याज का 3 फीसदी अनुदान दिया जाता है। प्रोजेक्ट् के लिये सरकार अधिकतम 10 लाख रूपये की मदद देती है। साथ ही सरकार ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग में भी मदद करती है। योजना के तहत आवेदक फल, सब्जौ, मसाला, अनाज, दूध आदि की प्रोसेसिंग से बनने वाले खाद्य पदार्थ जैसे आटा, तेल, मसाले, दाल, पोहा, नमकीन, पेठा, गजक, पापड, गुड, पनीर, घी, मावा, दही, आईस्क्रीम, अचार, मुरब्बा, जैम, सॉस, चिप्स , बेकरी आइटम तोस, बिस्किट, कुकीज, पेस्ट्री , केक बनाने के साथ ही पशु आहार यूनिट भी लगा सकते हैं। योजनांतर्गत 18 वर्ष या अधिक की आयु का कोई भी युवा इसके लिये आवेदन कर सकता है। इसके लिए आवेदक का प्रोजेक्ट की कॉस्ट का 10 फीसदी योगदान होना जरूरी है। शेष राशि बैंक से लोन के जरिये ली जा सकती है। आवेदक आधार, पेन कार्ड, बैंक पासबुक, बिजली का बिल, प्रोजेक्ट की यूनिट की जगह का फोटो से आवेदन कर सकते हैं।

---

**खिड़कियों के टूटे कांच तो कहीं फर्श की उखड़ी टाइल्स, सोफा भी टूटा**

## जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते विश्राम गृह बदहाली का शिकार, अव्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बड़वारा विश्राम गृह में अधिकारियों की अनदेखी के चलते व्यवस्थाएं बदहाल हैं। विश्राम ग्रह बड़वारा में दिखावे के लिए अधिकारियों द्वारा रूटीन भृमण किया जाता है किंतु विश्राम ग्रह के संसाधनों के सुधार की दिशा में कोई भी पहल नही की जा रही है। विश्राम गृह में रखे हुए सोफा सेट टूटे हुए हैं जिसमे बैठा ही नही जा सकता है।



#### ये व्यवस्थाएं हैं हावी

खिड़कियों के कांच भी टूटे हुए हैं। वास रूम के साथ ही बाथ रूम में भी अव्यवस्थाएं है। यहां के टाइल्स उखड़े हुए है हैंड वास करने पर पानी फर्श में बहता है। फर्श की टाइल्स उखड़ी होने से बाहर से कोई भी जीव जंतु सर्प, विच्छू, गोहटी जैसे विषैले जीव जंतु वास रूम में प्रवेश कर सकते हैं जिससे कभी भी किसी के भी साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी घटना घटित हो सकती है। वास रूम का फव्वारा सिस्टम भी बंद है यहां तक कि हाथ धोने के लिए साबुन भी नही है। सेफ्टी टैंक का कवर ढक्कन भी क्रेक है जिससे दुर्गंध फैलती है इसे भी सुधरवाने का प्रयास नही किया जा रहा है। पानी की टँकी भी फूटी है जिससे टँकी का पानी भी बहता रहता है।

विश्राम गृह में शासकीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के रुकने की व्यवस्था शासन के द्वारा ही मुहैया करवाई जाती है। जिसके लिये बजट भी सरकार द्वारा विश्राम ग्रहों के लिए प्रदान किया जाता है किंतु बड़वारा विश्राम गृह में व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए दिया जाने वाला बजट को कहां व्यय किया जा रहा है इस ओर लोक निर्माण विभाग के किसी भी जिम्मेदार अधिकारी का ध्यान नही जा रहा है।

#### इनका कहना है

इस संबंध में इंजीनियर लोक निर्माण विभाग विवेक श्रीवास्तव का कहना है कि जी हां कुछ कमियां हो सकती हैं वॉश रूम में टाइल्स लगवा दी जाएंगी। फव्वारा भी सुधरवा दिया जाएगा और भी जो कमियां आपके द्वारा बताई गई हैं उन्हें शीघ्र ही सुधरवा देंगे।

---

### वर्षायोग चातुर्मास कलश स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाया



समाधिस्थ आचार्य 108 विद्यासागर महाराज एवं नवाचार्य आचार्य 108 समय सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य 108 पदम सागर महाराज के पावन वर्षायोग चार्तुमास कलश स्थापन का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धाभक्ति के साथ चेतनोदय तीर्थक्षेत्र पर स्थित संतभवन में सम्पन्न हुआ जिसमें मुख्य कलश स्थापित करने का उत्तमचंद जैन, अनुराग कुमार, अनुज कुमार जैन को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर समाज की सभी संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा पूजन के अर्घएभक्तिभाव के साथ चढ़ाये गये इस अवसर पर संगीतकार द्वारा दुनिया में गुरू हजारों है आचार्य श्रीजी का क्या कहना पर थिरकने पर मजबूर कर दिया । जपान, इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, मण्डी बम्हौरा, सतना, मैहर, जबलपुर आदि से पधारे श्रेष्ठीजनों द्वारा मुनिश्री को श्रीफल चढ़ाकर आर्शीवाद लिया गया। पंचायत अध्यक्ष संजय जैन द्वारा समाज जनो के सामने चर्तुमास आयोजन हेतु संयोजक द्वय सिघई पंचम जैन, अरिवन्द्र जैन को मानोनित किया गया। इस अवसर पर भारी संख्य में जनसमुदाय उपस्थित रहा सभी ने कार्यक्रम के अंत में सामूहिक वात्सल्य भोज का आनंद उठाया।

---

### आवारा मवेशियों को पकड़ने नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा अभियान

## नगरीय क्षेत्र के 138 आवारा मवेशियों को पकड़कर भेजा गया कांजी हाउस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगरीय क्षेत्र के सार्वजनिक मार्गों में आवारा घूमने वाले मवेशियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के मद्देनजर नगर निगम द्वारा सभी जोन क्षेत्रों में आवारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के परिपालन में नगर में आवारा मवेशियों को पकड़ने के अभियान में गति लाने की हिदायत आयुक्त नीलेश दुबे द्वारा दी गई है। जिसके अनुपालन में रविवार को जगन्नाथ चैक से पन्ना मोड़ बरगवा क्षेत्र सहित नगर के अन्य मुख्य मार्गों में हाका टीम के कर्मचारियों द्वारा विशेष अभियान चलाया जाकर 50 आवारा मवेशियों को पकड़कर 30 मवेशियों को झिंझरी कांजी हाउस तथा 20 मवेशियों को अमीरगंज कांजी हाउस में बंद कराया गया। अभियान के तहत सप्ताह भर में लगभग 138 आवारा पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस में बंद कराया जा चुका है।

अभियान के तहत आवारा मवेशियों को पकड़ने हांका टीम शहर में विभिन्न संसाधनों के साथ शहर के मार्केट क्षेत्र तथा अंदरूनी क्षेत्र की सड़कों सहित मुख्य मार्गों में घूमने वाले आवारा मवेशी को पकड़ने का कार्य कर काऊ केचर वाहन में मवेशियों को डालकर सीधे कांजी हाउस में छोड़ने का कार्य कर रही है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुपालन में नगर निगम द्वारा आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मवेशियों को पकड़ने के दौरान उन्हें चोट न लगे इसलिए निगम की टीम दो काऊ केचर एवं रस्सी व आवश्यक संसाधन के साथ फिल्ड में पहुंच रहे है, नगर निगम उपायुक्त शैलेश गुप्ता ने पशु पालकों से अपील की है कि खुले में आवारा मवेशियों को न छोड़कर अभियान में सहयोग प्रदान करें।

---

**मदन मोहन चौबे वार्ड में निर्माणाधीन सड़क का किया निरीक्षण**

## निर्माण कार्य में आ रही बाधा पर महापौर ने स्थल निरीक्षण कर किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वंश स्वरूप वार्ड की लाल पहाड़ी बस्ती में लगभग 22 लाख की लागत से नागरिकों के सुगम जल निकासी की व्यवस्था हेतु कराये जा रहे नाली निर्माण कार्य के संबध में क्षेत्रीय महिला द्वारा महापौर श्रीमती प्रीति सूरी को दूरभाष में शिकायत किये जानें पर महापौर द्वारा शिकायत को संज्ञान में लेकर स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य सर्व श्री सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, उमेन्द्र अहिरवार, पूर्व पार्षद कमलेश चैधरी सहित निगम के अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी के ठेकेदार की उपस्थिति रही। निरीक्षण के दौरान अन्य बस्ती में नाली निर्माण की मांग किये जानें की बात पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा क्षेत्रीय उपयंत्री संजय मिश्रा को नाली निर्माण कार्य पूर्ण होनें के उपरांत अन्य गलियों की नालियों को मुख्य नाली से जोड़नें का प्रस्ताव तैयार करानें के निर्देश दिये गए। जिसपर नागरिकों द्वारा प्रसन्नता जाहिर की जाकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



लाल पहाड़ी की समस्या के निराकरण उपरांत महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा मदन मोहन चैबे वार्ड पहुंचकर स्थानीय पार्षद श्रीमती सुशीला मिश्रीलाल के साथ खदान किनारे बस्ती में 27 लाख की लागत से विभिन्न 5 गलियों एवं एक मुख्य मार्ग में नव निर्मित सड़क का पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा क्षेत्रीय महिलाओं श्रीमती सरोज सिंह, आरती कोल, रानी कोल, ज्योति कोल एवं रागिनी कोल से विकास कार्यो के संबंध चर्चा किये जाने पर नागरिकों द्वारा संतुष्टि जाहिर करते हुए विकास कार्यो के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान महापौर द्वारा नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए मंदिर के पास शेष बचे स्थल में सडक निर्माण करानें तथा खुले नालों के चेंबर को ढकनें के निर्देश उपयंत्री संजय मिश्रा को दिए।

निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें डन कॉलोनी स्थित गणेश सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर नगर विकास एवं नागरिकों के सुख समृद्धि की कामना की।

---

### स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह की तैयारियों के संबंध में हुई बैठक

## आजादी का पर्व गरिमापूर्ण रूप से मनाने तैयारियों के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह के आयोजन की तैयारियों के संबंध में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री यादव नें जिले में स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम भव्य और गरिमापूर्ण तरीके से संपन्न कराने सहित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिये । बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते, सभी एसडीएम और नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे सहित अन्य जिला अधिकारियों की उपस्थिति रही।

बैठक के दौरान शासन निर्देशानुसार मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, ध्वज सलामी, गुब्बारों का उड्डयन, मुख्य अतिथि द्वारा परेड निरीक्षण, मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन, हर्ष फायर, मार्च पास्ट प्लाटून कमाण्डरों से परिचय तथा पुरस्कार वितरण के संबंध में विस्तार से चर्चा की जाकर शासन निर्देशानुसार पृथक से स्वतंत्रता दिवस 2025 की पूर्व संध्या को अन्य कार्यक्रम आयोजित करने हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं के निर्देश दिए गए।

बैठक में कलेक्टर श्री यादव ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिला अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस समरोह के आयोजन के संबंध में शासन द्वारा जारी नवीन दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने जिला मुख्यालय के सभी कार्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के कार्यालय प्रमुख को ध्वजारोहण का समय निर्धारित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगरीय निकायों में ध्वजारोहण के दौरान ध्वज संहिता का अनिवार्य रूप से पालन करनें के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य समारोह स्थल में ध्वजारोहण हेतु दंड व ध्वज की व्यवस्था हेतु रक्षित निरीक्षक को निर्देशित किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम स्थल मे आयोजित परेड मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षक, रक्षित निरीक्षक के निर्देशन में परेड हेतु जिला पुलिस बल, सशस्त्र पुलिस बल, होमगार्ड, एन.एस.एस, एन.सी.सी, को शामिल कर परेड की व्यवस्था करने। परेड रिहर्सल 4 अगस्त से शुरू करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अंतिम रिहर्सल निरीक्षण 13 अगस्त को किया जएगा।

बैठक के दौरान यातायात व्यवस्था, मुख्य कार्यक्रम स्थल पर वाटरप्रूफ पंडाल, ध्वज दंड पेंटिंग आवश्यक साफ सफाई, मुख्य स्थलों की साफ-सफाई साज-सज्जा, बैठक व्यवस्था, मंच व्यवस्था, पुरस्कार वितरण, सहित अन्य कार्यवाही हेतु आयुक्त नगर निगम को निर्देशित किया गया।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को शील्ड पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र दिये जाने हेतु नाम प्रस्तावित विवरण सहित उपलब्ध करानें हेतु नोडल अधिकारी की नियुक्ति करनें, परेड, पी.टी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु प्रथम द्वितीय प्रतिभागियों को शील्ड जिला आबकारी अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का दायित्व शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ चित्रा प्रभात को सौंपा गया है। इसके अलावा मुख्य समारोह स्थल पर आवश्यकतानुसार डाक्टरों एवं दवाई व एम्बुलेंस की व्यवस्था हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, और कार्यक्रम संचालन का दायित्व अनिल कांबले और सुश्री सीमा जैन को सौंपा गया। जबकि कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण विभाग को राष्ट्रीय राजमार्ग तथा आयुक्त नगर निगम को शहरी क्षेत्र के मार्गों के गड्ढों की फिलिंग कराने हेतु निर्देशित किया गया।

स्वतंत्रता दिवस समारोह मे भाग लेने वाले परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनें वाले प्रथम द्वितीय पुरस्कार हेतु 3 सदस्यीय निर्णायक मंडल दल का गठन करने, शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्यालयों परिसरों ग्राम पंचायतों में वृक्षारोपण करने सहित 14 एवं 15 अगस्त को सार्वजनिक शासकीय अर्धशासकीय भवनों एवं ओव्हर ब्रिज पर प्रकाश व्यवस्था करनें सहित जेल मेन्युवल के प्रावधानों के अनुरूप बंदियों को स्वादिष्ट व्यंजन प्रदाय करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

---

## मंदिरों के आसपास स्वच्छता के लिए चलाया जा रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

श्रावण माह के दौरान नगर के मंदिरों में आनें जानें वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सफाई व्यवस्था के चलते विशेष सफाई की जाकर चूने की लाईनिंग उपरांत कीटनाशक दवा का छिड़काव का छिड़काव किया जा रहा है। वहीं महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देश पर मंदिर में पूजन अर्चना उपरांत निकलने वाली पष्पमालाओं एवं अन्य पूजन सामग्री को पूजा स्पेशल स्वच्छता वाहन के माध्यम से एकत्रित कर सामग्री को व्यवस्थित रूप से निष्पादित किया जा रहा है।

नगर निगम द्वारा नगर की विशेष सफाई व्यवस्था सहित सुगम जल निकासी हेतु दो शिफ्ट के माध्यम से सार्वजनिक मार्गो सहित नाले-नालियों में जमा सिल्ट की सफाई का कार्य कराया जा रहा है।

वर्षा के दौरान नगर में जलभराव की स्थिति निर्मित ना हो इस हेतु नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राथमिकता के साथ नाले-नालियों को चिन्हित करते हुए सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

सोमवार को तिलक राष्ट्रीय स्कूल के सामने, वार्ड क्रमांक 33 में विद्या स्कूल के पास, वार्ड क्रमांक 29 गड्डा टोला गली की विभिन्न गलियों की नाली, आदर्श कॉलोनी की नालियों,वार्ड क्रमांक 20 के विभिन्न स्थलों, वार्ड क्रमांक 32 श्मशान भूमि रज्जन खटीक के घर के पास के नाले एवं नालियों सहित नगर के अन्य स्थलों के नाले-नालियों की सफाई किया जाकर सुगम जल निकासी के प्रयास किए गए। वही शहर को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से रोजाना दो पालियों में सफाई अभियान निरंतर जारी है। सोमवार को सर्किट हाउस, रैन बसेरा, माध्यमिक शाला सावरकर वार्ड, डिवाइडर, मिशन चैक, सुभाष चैक, बस स्टैंड, झंडा बाजार, थाना तिराहा में सफाई की।

**खबर संक्षेप**

### 54 लीटर अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार, अमानगंज थाना में मामला कायम

**अमानगंज।** पुलिस थाना क्षेत्र अमानगंज अंतर्गत सिमरिया बाईपास रोड पर एक व्यक्ति अवैध शराब लिए पुलिस ने पकड़ा। मामले में अमानगंज थाना से प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सिमरिया बाईपास पर एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से अवैध कच्ची शराब लेकर जा रहा है। सूचना पर अमानगंज थाना पुलिस ने दिनांक 20 जुलाई 2025 को देर रात्रि लगभग 12:00 बजे सिमरिया बाईपास पर जाकर देखा, तो एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आते दिखा, जिसको घेरा बंदी कर पुलिस ने पकड़ा। उक्त व्यक्ति के कब्जे से 54 लीटर अवैध कच्ची शराब जप्त हुई। पुलिस ने आरोपी राहुल रैकवार पिता ज्ञानी रैकवार निवासी मोहंद्रा के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर मामला विवेचना में लिया और उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

### नगर परिषद गुनौर के निर्माणाधीन मुक्ति धाम में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया गया वृक्षारोपण

**गुनौर।** पूरे प्रदेश में चल रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर परिषद की अध्यक्षा अर्चना सिंह की उपस्थिति में पार्षदो भाजपा कार्यकर्ताओं व नागरिकों के साथ निर्माणाधीन मुक्ति धाम में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपड़ किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष अर्चना सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रीति पटेल, उपाध्यक्ष चंदन सपेरा, पूनम सपेरा, कीर्ति जैन, रामपाल आदिवासी, विजय चतुर्वेदी, जगदीश पटेल, रूप नारायण द्विवेदी, और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### बौद्ध गया को गैर बौद्धों से मुक्त कराने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**पन्ना।** राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के द्वारा 21 जुलाई 2025 को दोपहर लगभग 2 बजे पन्ना कलेक्ट्रेट तक रैली निकाल कर कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप कर बौद्ध गया बौद्ध विहार को गैर बौद्धों से मुक्त करने की मांग उठाई गई है।

# बच्चों को नहीं मिल रहा मध्यान्ह भोजन



**हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा**

नगर 2 किलोमीटर दूर पीएम श्री एकीकृत माध्यमिक शाला बम्हौरी पाँजी में 21 दिनों से स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को मध्याह्न भोजन नहीं मिल रहा है। यह एक गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि मध्याह्न भोजन योजना बच्चों के पोषण और शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण है. शासन द्वारा इस योजना के तहत, छात्रों को मुफ्त और पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाता है, जिससे उनकी उपस्थिति और स्वास्थ्य में सुधार हो लेकिन बम्होरी पाँजी में जो समूह बच्चों को मध्यान भोजन देते हैं। उन्होंने 1 जुलाई से मध्यान भोजन देना बंद कर दिया है ज्ञात हो कि यह इस शाला में किचिन सेट भी नहीं है जिसके कारण गांव से भोजन बनकर आता है। मध्यान भोजन नहीं मिलने से बच्चों में निराशा है इस संबंध में जब साला प्रबंधन ने समूह से बात की तो समूह वालों का कहना था कि उनका राशन नहीं मिल रहा है। जिसके कारण वह मध्यान भोजन नहीं दे पा रहे हैं वहीं राशन दुकान वाले से जब इस संबंध में बात की गई तो उनका कहना था कि हमें मिलने वाला आवंटन मशीन में घट नहीं रहा है जिसके कारण जितना राशन हमें मिल रहा है। उतना राशन दे रहे हैं सबसे बड़ी हैरानी की बात है स्कूल की मॉनिटरिंग एवं अधिकारियों को मौखिक एवं लिखित जानकारी देने के बावजूद 21 दिन गुजर जाने पर भी इसका हल नहीं निकल सका है। जबकि इस एकीकृत शाला में 170 बच्चे दर्ज हैं ऊपर से यह शाला पीएम श्री है जो इसी वर्ष से पीएम श्री हुई है। उसके बाद भी इस व्यवस्था को देखने वाला कोई नहीं प्राथमिक शाला में राधा कृष्ण स्वः सहायता समूह द्वारा मध्यान भोजन दिया जाता है। वहीं माध्यमिक शाला में प्रगति स्वः सहायता समूह द्वारा मध्यान भोजन दिया जाता है लेकिन दोनों ही समूह से दोनों स्कूलों में मध्यान भोजन नहीं आ रहा है।

#### इनका कहना है

इस संबंध में शाला की प्रधानाध्यापिका श्रीमती सीमा दुबे से बात की गई तो उन्होंने बताया कि 1 जुलाई से दोनों स्वः सहायता से शाला में आने वाला बच्चों का मध्यान भोजन बंद है। इस संबंध में अधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है 2 जुलाई एवं 9 जुलाई के निरीक्षण में भी मध्यान भोजन बँद पाया गया है। आज दिनांक तक बच्चों को मध्यान भोजन नहीं मिल रहा है। इस संबंध में बीआरसी पी एल अहिरवाल से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि हम जानकारी ले रहे हैं। इस संबंध में जब बीईओ नितेश पांडे से बात हुई तो उन्होंने कहा कि आपने मेरे संज्ञान में मामला लाया है मैं बीआरसी से जानकारी लेता हूं।

इस संबंध में जब दोनों समूह संचालकों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वर्ष नवंबर 2024 से जुलाई 2025 तक का राशन उनका बाकी है। इस संबंध में हमने यहां से लेकर दमोह के अधिकारियों को भी सूचित कर दिया है। राशन दुकान वाला हमें घूमा रहा है। जबकि दमोह के अधिकारियों ने कहा है कि आपको मिलने वाला आवंटन मशीन में घट रहा है। राशन दुकान पर जाकर राशन पूरा ले लो लेकिन वह देने तैयार नहीं जिसके कारण वे मध्यान भोजन देने में असमर्थ हैं। वही इस संबंध में जब राशन दुकान के सेल्समैन शैलेंद्र घोसी से बात की गई तो उनका कहना था कि हम उतना ही राशन दे सकते हैं। जितना राशन हमारा मशीन में घट रहा है हम तो राशन दे रहे हैं लेकिन समूह वाली लेने तैयार नहीं है।

# देवश्री गौरीशंकर मंदिर में उमड़ा जनसैलाब



**हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा**

शिव अराधना का पवित्र सावन महीना के दूसरे सोमवार को अल सुबह से नगर के शिवालय व देवश्री गौरीशंकर मंदिर में घंटी व शंखनाद की गूंज सुनाई देने लगी। बड़ी तादाद में महिला व पुरुष सावन में शिव की पूजा करने पहुंचे। भगवान भोलेनाथ गौरीशंकर का अलौकिक श्रंगार किया गया। संध्याकालीन 8 बजे महादेव की असंख्य दीपों के साथ महा आरती की गई जिसमें हजारों भक्तों ने पहुंचकर भोले बाबा के दर्शन कर परिवार की सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया। आरती पश्चात नगर के व्यापारी संघ द्वारा स्टार लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। इसके अलावा उप काशी में जगह-जगह भोले के भक्तों द्वारा शिवलिंग निर्माण कर विधि विधान के साथ पूजन अर्चन कर हर्सोल्लास के साथ भजन कीर्तन करते हुए गाजे बाजे के साथ नगर की सरिता सुनार में विसर्जन किया। हिंदू धर्म में सावन का महीना अत्यंत पावन एवं शुभ माना जाता है। हिंदू धर्म के मान्यता के अनुसार सावन मास में समुद्र मंथन हुआ था, जिसमें कालकूट विष निकाला, जब देवता और असुर इस विष से घबरा गए तब भगवान शिव ने पूरी मानवता की रक्षा के लिए उसे पी लिया। इस दौरान उन्हें बहुत गर्मी एवं जलन हुई, जिसे सहन करने के लिए देवताओं ने गंगाजल, बेलपत्र और दूध अर्पित किया। मंदिर के पुजारी ने बताया कि सावन मास में शिवलिंग पर जल और दूध चढ़ाने की परंपरा है। भक्त मानते हैं कि सावन में भगवान शिव जल्द ही प्रसन्न होते हैं। सावन में हर सोमवार को व्रत रखा जाता है, जो शिव भक्ति का प्रतीक है।

### हटा विधायक उमादेवी खटीक ने 41 विद्यार्थियों को प्रदान की साइकिलें

**दमोह।** शासकीय हाई स्कूल काईखेड़ा में आज साइकिल वितरण कार्यक्रम हटा विधायक उमादेवी खटीक की गरिमामय मौजूदगी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ववलन, सरस्वती जी पूजन के साथ किया गया। सरकार की निशुल्क साइकिल वितरित योजना अनुसार 41 छात्र-छात्राओ को साइकिलें प्रदान की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए हटा विधायक उमादेवी खटीक ने छात्र छात्राओं से बेहतर शिक्षा, मन लगाकर पढ़ने की अपील की और कहा कि आप ही देश और राष्ट्र के भविष्य निर्माता हो इसलिए सदैव आगे बढ़ने प्रेरित किया। हटा विधायक ने कहा बेटियों से शिक्षा पर ध्यान देने की अपील की। कार्यक्रम में भवानी पटेल, कमलेश चौदह, विष्णु सोनी, दुर्गेश पाठक, मुरारी अहिरवार जितेंद्र कटारे, शिक्षकगण, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान हुआ प्रारंभ



**हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला दमोह में विद्यालीन सदस्यता प्रारंभ की गई जिसमें जिले के अनेकों विद्यालयों में कार्यकर्ताओं का जाना हु एवं सदस्यता के दौरान अनेकों छात्रों ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। सदस्यता के दौरान छात्रों को नई शिक्षा नीति 2020 एवं विकसित भारत पर अनेकों जानकारी दी एवं छात्रों से उनके भविष्य की आगामी योजना हेतु भी चर्चा की महाकौशल प्रांत का यह सदस्यता अभियान 21 से 31 जुलाई तक जिले भर में अनेक विद्यालयों में निरन्तर चलेगा जिसमें प्रमुख रूप से जिला संयोजक नमन शांडिल्य, भाग संयोजक सत्यम राजपूत, अजीत विश्वकर्मा, हेमंत ओम, श्रीवास्तव निखिल रजक, शौर्य साहू अंतरिक प्रभांशु एवं अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सावन सोमवार में रुद्राभिषेक से बदल सकता है आपका भाग्यः पं ऋषिकांत गर्ग



**हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार**

सावन का महीना भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने के लिए शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस माह में रुद्राभिषेक करने से शिव जी प्रसन्न होते हैं और सभी मुरादें पूरी होती हैं श्रावण मास" वह दिव्य कालखंड जब संपूर्ण सृष्टि शिवमय हो जाती है। इस दौरान लोग अपने घरों में शिवलिंग निर्माण कर महा रुद्राभिषेक और महामृत्युंजय जप करते हैं पंडित ऋषिकांत गर्ग ने बताया कि महारुद्राभिषेक एक अत्यंत पवित्र और प्रभावशाली अनुष्ठान है जिसमें भगवान शिव की पूजा विशेष मंत्रों के साथ की जाती है। महारुद्राभिषेक में शिवलिंग को विभिन्न द्रव्यों से अभिषेक किया जाता है जिससे व्यक्ति के जीवन में आ रही समस्याएं दूर होती हैं और मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस अनुष्ठान में ॐ नमः शिवाय मंत्र का जाप किया जाता है जिसका अर्थ है शिव को नमस्कार महामृत्युंजय मंत्र मृत्यु के बंधनों से मुक्ति दिलाने वाला माना जाता है। इस मंत्र का जाप करने से व्यक्ति की अकाल मृत्यु का भय टाला जा सकता है। बनवार ग्राम में भोले बाबा का महा रुद्राभिषेक महामृत्युंजय जाप के साथ पार्थिव शिव निर्माण शिवार्चन का भव्य आयोजन किया और संध्या के समय पार्थ शिवलिंग शोभा यात्रा निकाली गई और पूजन के बाद बनवार के बड़े घाट ब्यारमा नदी जल विहार किया गया।

# माध्यमिक शाला झलौन में साइकिलों का हुआ वितरण



**झलौन।** एकीकृत माध्यमिक शाला झलौन में पांचवी कक्षा में उत्तीर्ण कक्षा 6 में प्रवेश करने वाले ग्राम गुहची, ओरियामाल एवं नदियाहार के 19 छात्र-छात्राओं को सोमवार को शासन की योजना के अनुसार निशुल्क साईकिलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम के गणमान्य नागरिक अशोक जैन रूपलाल विश्वकर्मा राजेश उपसरपंच कुददू बैरागी के अलावा प्रभारी प्रधानाध्यापक सी के हजारी, जी एस रावत ,एच एल जैन ,एफ एल ठाकुर ,प्रदीप कुमार साहू ,सतनारायण सोनी ,शिक्षिका शैलजा रावत ,एवं रेखा सिंह आदि विद्यालय के स्टाफ के अलावा छात्र-छात्राओं के पालको की मोजुदगी रही।

# मुनिश्री प्रयोगसागर जी की चातुर्मास कलश स्थापना तेंदूखेड़ा में हुई




**हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा**

जिला दमोह में स्थित वह पुण्यशाली भूमि है जहाँ धर्म का जो कुछ भी प्रभाव है या जो कुछ भी मंदिर /या अन्य संस्था हैं वो सब आचार्य भगवान श्री विद्यासागर जी ऋषिराज की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से स्थापित हैं। सोमवार को नगर में भगवान शांतिनाथ प्रभु का मंदिर जो विश्व में विख्यात है। वह आचार्य श्री जी द्वारा दिए गए 1984 के आशीर्वाद का प्रतिफल हैं। आज नगर में गौ शाला जो सारे देश में लगभग 40 एकड़ में बनी संस्था गौ सेवा के रूप में विख्यात है।

वह आचार्य श्री जी द्वारा 1999 में दिए गए आशीर्वाद का प्रतिफल है, और सोमवार को तेंदूखेड़ा में अद्भुत -नागर शैली से बना शुद्ध कुमारी पाषण का भव्य दो मंजिला जिनालय देश दुनिया को आकर्षित कर रहा है। वह आचार्य श्री जी द्वारा 2014 में दिए गए आशीर्वाद और प्रेरणा का प्रतिफल है. जिसके पंचकल्यांक प्रतिष्ठा महोत्सव को वर्तमान के गुरु संघ शिरोमणि आचार्य श्री समयसागर जी के कर कमलों से हुआ जो एक स्वर्णिम इतिहास है। इस पंचकल्यांक से प्राप्त दानराशि से 2 करोड़ 51 लाख रुपया गुरु आज्ञा से, गुरु जी के प्रकल्प के लिए भी भेजनें समाज/समिति सज्ज है। महान विद्यासंघ परम्परा के लिए समर्पित इस समाज में इस वर्ष पावन चातुर्मास वर्तमान आचार्य श्री जी की आज्ञा से मुनि श्री प्रयोगसागर जी का प्राप्त हुआ है जिनकी मंगल कलश स्थापना का भव्य आयोजन हुआ। पूरा नगर अपूर्व उत्साह से भरा हुआ अपना सर्वास्य गुरु चरणों में समर्पित कर देना चाहता था, शुद्ध रजत के दर्जनों कलश सभा मंडप में अलग छटा बिखेर रहे थे। वहीं पूरा सभा मंडप आचार्य श्री विद्यासागर जी ऋषिराज एवं आचार्य श्री समय सागर जी ऋषिराज के भव्य अनेकों चित्रों से सजा हुआ था जिसने पुरे वातावरण को विद्या-समय -प्रयोग मय कर दिया। वहीं सैकड़ो भक्त पुरे मध्यप्रदेश से मुनिवर के चरणों में सभा में विराजमान थे, मुनिश्री की चर्या एवं वाणी का प्रताप है की उन्हें एक बार पाने की ललक हर भक्त में होती है, वहीं बाल ब्रा. संजीव भैया के आगमन ने कार्यक्रम को भव्य बना दिया। प्रथम बड़ेबाबा कलश का सौभाग्य श्री निर्मल मोदी परिवार को मिला तो दूसरा पारसनाथ कलश का सौभाग्य पाने का अवसर नीतेश जैन तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी जी को मिला। वहीं तीसरा कलश जिनेंद्र जैन जे के ट्रैक्टर तेंदूखेड़ा को मिला। चतुर्थ कलश मुकेश जैन हीरो सेठ एवं पंचम कलश गोटी पंडित जी तेंदूखेड़ा ने प्राप्त किया। इसके साथ ही 25 रजत कलश 25 परिवार ने बिना देरी किये स्वयं की पुण्यझोली में डाल लिए। वहीं 108 कलश चांदी के तेंदूखेड़ा जैन समाज के हर परिवार ने प्राप्त किये। इस सब अवसर पर मुनिश्री जी के गृहस्थ जीवन के पिताजी एवं परिवार ने सभा का गौरव बढ़ा दिया। कल का आयोजन अभूतपूर्व था, एक इंच भी जगह खाली नहीं थी हर तरफ केवल और केवल भक्तों के समूह ने प्रयोगधारा को आत्मसात किया। कार्यक्रम का सफल संचालन ब्रा. संजीव भैया जी कटँगी एवं आशीष श्री जी तेंदूखेड़ा ने किया. समाज ने सबका आभार व्यक्त किया।

# कॉरिडोर निर्माण के संबंध में शिव भक्तों की हुई बैठक

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार**

प्रसिद्ध हिंदू तीर्थ क्षेत्र श्री जागेश्वर धाम बांदकपुर में मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा बांदकपुर धाम में श्रीजागेश्वर लोक कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है जिसका भूमि पूजन पूज्य संतों की उपस्थिति में प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के द्वारा किया गया है। बांदकपुर धाम के प्रति लाखों धर्म प्रेमियों की अटूट आस्था और श्रद्धा है। बैठक में जिले भर से अनेक समर्पित धर्म प्रेमियों की उपस्थिति रही बैठक की अध्यक्षता संघर्ष अभियान के प्रमुख सदस्य सतीश तिवारी ने की उन्होंने कहा कि भोले बाबा की नगरी में हो रहे इस पवित्र पुण्य ऐतिहासिक कार्य में सभी को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। कॉरिडोर निर्माण का कार्य कछुआ गति से चल रहा है ऐसा क्यों इसकी समीक्षा की जाए बैठक के बाद उपस्थित सभी धर्म प्रेमियों ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया जिसमें अनेक निर्माण संबंधी जानकारी मिली जिसको शीघ्र ही एक प्रतिनिधिमंडल संस्कृति पर्यटन मंत्री श्री धर्मेंद्र लोधी जी के यहां पहुंचाएगा।

बैठक में सतीश तिवारी कृष्णा पटेल उधम सिंह लोधी छुट्टन यादव विनय असाटी जटाशंकर धाम से पंडित मोनू पाठक बजरंग दल से गोलू चौबे गूंजी पवन राय नितिन तोमर केशव साहू तुलसीराम तिवारी अरविंद पाठक निहाल सिंह राजपूत सुग्रीव अहिरवाल निर्देश अवस्थी बाबू शर्मा जमुना चौबे शंकर गौतम राम गौतम सहित अनेक भक्तों की उपस्थिति रही।

### जंगल में सुरक्षित मिला बृहस्पति कुंड के पास कपड़े बाइक व सुसाइड नोट छोडकर लापता होने वाला विद्युत कंपनी का आउटसोर्स कर्मचारी

**पन्ना।** जिले के बृजपुर फीडर में तैनात विद्युत वितरण कंपनी का आउटसोर्स कर्मचारी बृजेश कुमार त्रिवेदी उर्फ गुड्डू 19 जुलाई की शाम विद्युत सप्लाई बंद कर एवं फीडर में ताला लगाकर लापता हो गया था, पन्ना से आए कर्मचारी द्वारा सप्लाई चालू की गई। 20 जुलाई को सुबह लगभग 9 बजे बृहस्पति कुंड जलप्रपात के पास कपड़े बाइक व सुसाइड नोट मिला जिसमें लिखा था कि जेई संतोष विश्वकर्मा और राजेश बर्मन के द्वारा मुझे प्रताड़ति किया जा रहा है। 24 घंटे और 48 घंटे तक काम करवाया जा रहा है इसके साथ ही अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर अपमानित एवं प्रताड़ति किया जाता है। वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत के बाद भी कोई सुधार नहीं होने पर वह परेशान होकर आज बृहस्पति कुंड में अपनी जीवन लीला समाप्त कर रहा है। युवक के लापता होने और सुसाइड नोट मिलने से परिवार में मातम का माहौल था, युवक की माँ फूट-फूट कर रो रही थी विद्युत कंपनी में भी हडकंप का माहौल था, पुलिस के द्वारा युवक की तलाश और विवेचना की जा रही थी, परिवार विद्युत स्टाफ व पुलिस तलाश में जुटी थी तभी शाम को लगभग 5 बजे बृजेश कुमार त्रिवेदी बृहस्पति कुंड के पास जंगल में सुरक्षित मिल गया है

### एमएलबी में छात्राओं को साइकिल वितरित



**हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह**

पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया आज शासकीय एम.एल.बी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में साइकिल वितरण कार्यक्रम में पहुँचे। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने कहा यह योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हैं। साइकिल मिलने से छात्रों को विद्यालय आने जाने में सुविधा होगी। छात्र बिना किसी चिंता के अपनी पढ़ाई दूरी की वजह से नहीं छोड़ेंगे और अपने भविष्य को मजबूत करते हुए सपनों को साकार करेंगे। दमोह विधायक श्री मलैया ने शासकीय एम.एल.बी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में कक्षा 09 की 30 छात्राओं को साइकिल वितरण किया।

### निशुल्क साइकिलों का वितरण



**हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंजगढ़**

जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तेजगढ़ के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 21 जुलाई 2025 को कक्षा नवमी के छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। मंत्री जी के अनुज सत्येंद्र सिंह लोधी और तेजगढ़ मंडल अध्यक्ष संग्राम सिंह ने किया। साइकिल पाकर छात्र-छात्राओं ने हर्ष मनाया। इस पर अवसर स्कूल के प्रभारी प्राचार्य अनरत सिंह लोधी, जगन्नाथ सिंह, भारत सिंह, पूर्व सरपंच लखन लाल यादव, एन एस राजपूत, व्याख्याता संतोष प्रधान और ग्रामों के गणमान्य जन और शिक्षक रहे।

# वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व से लगे खेतों में लगे झटका तार, वन्य जीवों की जान को खतरा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा**



तीन जिले की सीमा क्षेत्र में फैले हुए 25 बाघों से आबाद वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व से सटे मुहली गांव के आसपास के खेतों में किसानों द्वारा जंगली जानवरों से फसल की सुरक्षा के लिए झटका तार (इलेक्ट्रिक फेंसिंग) लगाये गये है। यह तार खेतों की सीमाओं पर इस तरह बिछाई गई है कि उसमें करंट प्रवाहित होता है, जिससे कोई भी जानवर उसके संपर्क में आते ही झटका खा लेता है। यह झटका तार लगाने के लिए हजारों की संख्या में लकड़ी के खूंटे भी जंगल से काटे गये है। ग्रामीणों के अनुसार इन तारों की वजह से कई वन्यजीवों को गंभीर रूप से चोटें आती हैं। विशेष रूप से रात के समय जब जानवर पानी या भोजन की तलाश में गांव की ओर आते हैं, तब वे इन खतरनाक तारों की चपेट में आ जाते हैं। यह घटना वन्यजीव संरक्षण कानून और पर्यावरणीय संतुलन दोनों के लिए गंभीर चिंता का विषय है।स्थानीय लोगों ने बताया कि इस संबंध में कई बार वन विभाग को अवगत कराया गया है, लेकिन डिप्टी डायरेक्टर, एसडीओ और रेंजर स्तर तक के अधिकारियों ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। उनकी इस लापरवाही से न सिर्फ वन्यजीवों की जान को खतरा है, बल्कि यह टाइगर रिजर्व की गरिमा और सुरक्षा पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। पर्यावरण प्रेमियों और जागरूक नागरिकों ने मांग की है कि खेतों में लगे इन अवैध करंटयुक्त तारों को तुरंत हटाया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही किसानों को वैकल्पिक सुरक्षित उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि फसलें भी सुरक्षित रहें और वन्यजीवों की जान भी।

#### इनका कहना है

इस संबंध में टाइगर रिजर्व की मुहली रेंजर संजीव रंजन ने बताया कि में अभी-अभी ज्वाइन हुआ हूं अभी मेने देखे नही है,इसे देखकर ही में कुछ बोल पाऊँगा।

**खबर संक्षेप**

## खेत में पानी चलाते समय करंट लगने से युवक की मौत

**तेंदूखेड़ा।** सोमवार को तेजगढ़ थाना के अंतर्गत आने वाले ग्राम करौंदी खुर्द में एक युवक की करंट लगने से मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। घटना की सूचना परिजनों द्वारा पुलिस को दी गई जहां मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा जांच पड़ताल की गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी रामजी पिता नन्हेलाल यादव उम्र 26 वर्ष निवासी करौंदी खुर्द थाना तेजगढ़ है जो अपने खेत पर धान का रोपा लगाने का कार्य कर रहा था और खेत में पानी भी दे रहा था। उसी दौरान खेत में लगी पानी की मोटर की चपेट में आने से युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई मृतक के बड़े भाई चक्रेश यादव ने बताया कि घटना दोपहर 1 बजे के आसपास की जब मेरा छोटा भाई खेतों में रोपा लगाने के लिए पानी चला रहा था। उसी दौरान यह घटना घटित हो गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई करते शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। तेजगढ़ पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## वोट अवश्य डालें- कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जानकारी देते हुए कहा कि जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 16 के पद के लिए आज 22 जुलाई को मतदान होने जा रहा है, मतदान का समय सुबह 07 बजे से अपराह्न 03 बजे तक है। उन्होंने इस क्षेत्र के सभी मतदाता भाई-बहनों से कहा है कि इस मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढ़ के हिस्सा ले और अपना वोट अवश्य डालें। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि जिले में प्रथम बार पेपरलेस मतदान हो रहा है और इस प्रक्रिया में भाग लेते समय एक नया अनुभव देखने को मिलेगा, जिसमें कागजी प्रक्रियाओं के स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल प्रक्रियाओं के माध्यम से मतदान की संपूर्ण कार्यवाही संपन्न की जाएगी। श्री कोचर ने कहा मेरा सबसे अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में मतदाता भाई-बहन घरों से निकले और 07 बजे से 03 बजे तक अपने मत का प्रयोग अवश्य करें।

भीड़ के दबाव में गश्त खा कर गिरे श्रद्धालु

# जागेश्वरनाथ धाम में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

सावन के दूसरे सोमवार पर जागेश्वर धाम में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। दमोह जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल जागेश्वर धाम बांदकपुर में सावन के दूसरे सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। सुबह 4 बजे से ही मंदिर के पट खुलने के साथ भगवान जागेश्वरनाथ का नर्मदा जल से अभिषेक और दर्शन शुरू हो गए। इस दौरान भारी भीड़ को देखते हुए गर्भगृह में प्रवेश पर रोक लगा दी गई, जिसके चलते श्रद्धालुओं ने वैकल्पिक जल पात्र व्यवस्था के माध्यम से भगवान को जल अर्पण किया। हजारों कांवड़िए मां नर्मदा का जल लेकर बांदकपुर पहुंचे और भगवान जागेश्वरनाथ के दर्शन किए।

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदौरिया, एसडीओपी प्रिया सिंधी और थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। सीसीटीवी कैमरों



से निगरानी की गई ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके। भीड़ के दबाव और तेज धूप के चलते 6 श्रद्धालु चक्कर खाकर गिर गए, जिन्हें मंदिर परिसर में मौजूद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तुरंत उपचार प्रदान किया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे और दर्शन का क्रम संध्या आरती तक जारी रहा। श्रद्धालुओं ने मांग की है कि रेलिंग को रूद्र मैदान के गेट से बगीचा के अंदर से कांवरिया प्रवेश द्वार तक बदलने की आवश्यकता है, साथ ही रेलिंग में पेयजल, नींबू पानी, कूलर और पंखे आदि की व्यवस्था भी की जाए। निकास द्वार पर कड़ी व्यवस्था की जाए और नारियल फोड़ने के लिए मंदिर के बाहर एक उचित स्थान तय किया जाए। रामकृपालपाठक मंदिर ट्रस्ट प्रबंधक का कहनाहै सावन की दूसरे सोमवार को सुबह 4:00 से मंदिर के पट खोल दिए गए थे सर्वप्रथम नर्मदा जल से भगवान का स्नान इत्र आदि से से किया गया इसके बाद धूप और दीप आरती प्रातः कालीन आरती के बाद श्रद्धालुओं के दर्शन प्रारंभ कर दिए गए थे सुबह से लेकर शाम 4:00 बजे तक दर्शनार्थियों का एक सा क्रम चला रहा श्रद्धालुओं की कतारें मंदिर से लेकर गेस्ट हाउस गौशाला तक एक सी चलती रही और श्रद्धालुओं के दर्शनों का क्रम संध्या आरती तक चला रहा जिससे अनुमान है कि एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए। मंदिर ट्रस्ट सचिव पंकज हर्ष श्रीवास्तव ने बताया कि अगले सोमवार से रेलिंग में पंखे और पेयजल की व्यवस्था की जाएगी और नारियल फोड़ने के लिए एक स्थान सुनिश्चित किया गया है। मंदिर ट्रस्ट श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने और सुगम दर्शनों की व्यवस्था करने का प्रयास कर रहा है।

### भोलेनाथ की झांकी व पालकी रही आकर्षण का केंद्र

कांवड़ यात्रा में हजारों कांवरियों बम बम नारों के साथ आगे बढ़ते रहे। हर उम्र के लोगों का उत्साह देखने लायक था। नवयुवकों द्वारा सजाई गई भोलेनाथ की झांकी एवं पालकी को भी खूब सराहा गया।

# जनपद सदस्य गैसाबाद के लिए मतदान आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

एस.डी.एम रिटर्निंग ऑफिसर राकेश सिंह मरकाम ने निर्वाचन के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के समय सारणी अनुसार जनपद हटा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 16 गैसाबाद में जनपद सदस्य का आज 22 जुलाई को हमारे यहाँ पर मतदान प्रारंभ होगा जिसकी समय अवधि सुबह 07 से लेकर अपरान्ह 03 बजे तक है। श्री मरकाम ने कहा सभी दल आज सकुशल अपने-अपने मतदान केन्द्रों में पहुँच गए हैं और हमारी तैयारी अंतिम रूप ले रही है, सभी व्यवस्थाएँ हमने सुनिश्चित कर ली है, हमारे बीच में राज्य निर्वाचन



आयोग से नियुक्त प्रेक्षक महोदय और उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर मीना मसराम भी उपस्थित है, उन्होनें सभी केंद्रों का दौरा किया है और इस बार पेपरलेस इलेक्शन हो रहे हैं, उसमें हम लोगों को एक नया अनुभव होगा और इसी के माध्यम से सभी मतदाताओं से अपील करता हूँ कि अपना मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

## दमोह बनायेगा पेपरलेस पंचायत चुनाव में सफलता के रिकार्ड

### कलेक्टतर की पहल पर राज्य व निर्वाचन आयोग का आज पेपरलेस इलेक्शन

**दमोह।** राज्यग निर्वाचन आयोग आयुक्तफ मनोज कुमार श्रीवास्तव तथा सचिव अभिषेक सिंह द्वारा पेपरलेस बूथ की कल्पना को दिया गया है। मूर्त रूप मंगलवार प्रातः 07 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक दमोह जिले में पंचायत उपनिर्वाचन के अतर्गत मतदान पेपरलेस तरीके से कराए जाएंगे । इस अवसर स्टेकट आईकॉन सारिका घारू ने दमोह जिले के इन चुनाव क्षेत्र के सभी मतदाताओ से अपील है कि शत प्रतिशत मतदान कर राज्यक निर्वाचन आयोग के इस नवाचार को उत्सा ह के साथ सफल करें। दमोह कलेक्टपर सुधीर कुमार कोचर द्वारा स्वरयं पहल किये जाने के आधार पर मप्र राज्यू निर्वाचन आयोग पेपरलेस पद्धति के आधार पर पायलेट प्रोजेक्टर में इस चुनाव को यहां करने जा रहा है। राज्यर निर्वाचन आयोग आयुक्ता मनोज कुमार श्रीवास्तव तथा आयोग के सचिव अभिषेक सिंह द्वारा पेपरलेस बूथ की कल्पना को मूर्त रूप दिया जा रहा है । सारिका ने कहा कि दमोह जिले मे होने जा रहा यह पायलेट प्रोजेक्ट के रूप मे पेपरलेस इलेक्शहन आने वाले समय मे पूरे प्रदेश और फिर देश मे पेपरलेस बूथ की प्रकिया को अपनाने के लिये प्रथम सीढ़ी बनने जा रहा है। तो पेपरलेस बूथ के इस चुनाव मे करे पूरी भागीदारी और दमोह जिले का नाम प्रदेश और देश स्त र पर रोशन करे।

# विशाल कांवड़ यात्रा : पटेरा से बांदकपुर तक गूंजा बम बम भोले

### कई हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर किया भगवान भोलेनाथ का अभिषेक

**पटेरा, दमोह।** सावन में मंदिरों में और घरों में भगवान शंकर की भक्ति का अलग ही जोश दिखाई दे रहा है। जिसमे कई लोग कावड़ यात्रा भी निकाल रहे है। भगवान शंकर की एसी ही भक्ति पटेरा नगर में भी दिखाई दी। पटेरा नगर के नवयुवकों द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा नगर के शीतला माता मंदिर प्रांगण से शुरू हुई। जहां से श्रद्धालु पैदल बांदकपुर के लिए निकले। देखते ही देखते कांवड़ियों के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुड़ते गए। डीजे पर थिरकते हुए सैकड़ो युवा, हाथो में कांवड़ थामे कांवड़िए, एवं सैकड़ो की तादाद में शिव भक्तों की आस्था का कोई तोड़ नही था। 25 किलोमीटर लंबी इस कांवड़ यात्रा में कई भक्त नंगे पांव ही शामिल हुए। देव श्री जगेश्वरनाथ मंदिर पहुंचकर कांवड़ियों ने भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। यह यात्रा पटेरा से देवडोंगरा व हिंडोरिया होते हुए देव श्री





जागेश्वरनाथ धाम बांदकपुर में संपन्न हुई। इस दौरान डीजे की धुन पर नाचते गाते सैकड़ों शिव भक्त कांधे पर कांवड़ रखकर भगवान भोलेनाथ और हर हर महादेव के जयकारे लगाते चल रहे थे. यहां मौजूद सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भी उमस के बावजूद कांधे पर कांवड़ लाकर यात्रा पूरी की. जहां इस यात्रा में उम्र को दरकिनार कर बड़े, बूढ़े व बच्चे भी शामिल थे, तो वहीं महिलाओं भी कांवड़ लेकर चलती रही। यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। 31 किलो वजनी कांवड़ आकर्षण का केंद्र रही। यह यात्रा जिस ग्राम से भी निकली वहां के लोग भक्तो की भक्ति व जोश देख अवाक रह गए। यात्रा मार्ग में जगह-जगह शीतल पेय और अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी. इतनी उमस भरी गर्मी में शिव भक्तों के लिए शीतल पेय की व्यवस्था थी, जो कांवड़ियों व श्रद्धालुओं तक पहुंचकर शीतल पेय उपलब्ध कराती रही, इस व्यवस्था को खूब सराहा गया। अंत में भक्तो को भोजन प्रसादी वितरण किया गया।

### जगह जगह हुआ स्वागत

यात्रा की जानकारी लगते ही आसपास के कई ग्रामीण भी यात्रा में शामिल हुए, तो कई लोगो द्वारा भक्तो के लिए पेय व अल्पाहार की व्यवस्था की गई। यात्रा के रास्ते में लोगो द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत कर, सभी के लिए चाय व फलाहार की व्यवस्था की गई।

### हजारों की संख्या में भक्त

यात्रा में शामिल होने श्रद्धालु अपनी अपनी कांवड़ लेकर सुबह से ही एकत्रित होने लगे थे। देखते ही देखते हजारों की संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हो गए। पुरुष वर्ग के साथ ही महिलाओं बच्चो एवम बुजुर्गो का उत्साह देखने लायक था।

## उप निर्वाचन पूर्वार्द्ध में मतदाताओं की पहचान दस्तावेज निर्धारित

**दमोह।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन 2025 (पूर्वार्द्ध) में मतदाताओं की पहचान स्थापित करने हेतु चिन्हित दस्तावेज निर्धारित किये गये हैं। इस सबंध में उप-जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर मीना मसराम ने बताया निर्धारित दस्तावजों में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वोटर स्लिप, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदाय किया गया मतदाता पहचान पत्र, भारत सरकार द्वारा तैयार फोटोयुक्त आधार कार्ड, भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका, राशन कार्ड (सभी सफेद, नीला, पीला एवं गुलाबी)., बैंक/किसान/डाकघर पासबुक, शस्त्र लाइसेंस, सम्पति दस्तावेज जैसे पट्टा, रजिस्ट्रीकृत विलेख आदि., दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, निराश्रित प्रमाण-पत्र, तेंदूपत्ता संग्राहक पहचान-पत्र, सहकारी समिति का अंश प्रमाण-पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेन्स, आयकर पहचान-पत्र (पी. ए. एन. कार्ड)., राज्य / केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय या अन्य निजी आद्यौगिक घरानों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले सेवा पहचान-पत्र, छात्र पहचान-पत्र, सक्षम प्राधिकारियों द्वारा जारी अ.जा./अ.ज.जा./ अन्य पिछड़ा वर्ग / अधिवासी प्रमाण-पत्र, पेंशन दस्तावेज जैसे कि भूतपूर्व सैनिक पेंशन बुक / पेंशन अदायगी आदेश / भूतपूर्व सैनिक, विधवा / आश्रित प्रमाण-पत्र, रेलवे पहचान-पत्र, स्वतंत्रता सेनानी पहचान पत्र, रोजगार गांरटी योजना के अंतर्गत जारी फोटोयुक्त जॉबकार्ड शामिल हैं। उन्होंने कहा उपरोक्त सूची में दर्शाए गए अभलेखों के अतिरिक्त पीठासीन अधिकारी ऐसा कोई अन्य अभिलेख भी स्वीकार कर सकेगा जिससे वह मतदाता की पहचान के संबंध में संतुष्ट हो सके।

# 22 युवाओं ने किया रक्तदान



**जबेरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बातानुकूलित वैन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यहां पर 22 लोगों ने रक्तदान किया इस शिविर में जबेरा में पदस्थ डॉक्टर ने सबसे पहले रक्तदान करके लोगों को जागरूक किया। बीएमओ डॉ. डी.के राय ने बताया कि जिला कलेक्टर और मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया था इसका उद्देश्य रक्त की कमी को पूरा करना था खासकर दो हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं के लिए जिन्हें रक्त का ट्रांसप्लांट किया गया है। इस शिविर में रक्तदान करने वालों में शामिल हैं। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और स्टाफ ने रक्तदान करने वाले युवाओं का धन्यवाद किया और कहा कि रक्तदान महादान होता है। इस तरह के आयोजन समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जरूरतमंद लोगों की मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## कंस्ट्रक्शन साईट पर नहीं है सुरक्षा के इंतजाम बच्चे को लगा करंट, ठेकेदार ने पल्ला झाड़ा

**बटियागढ़।** बटियागढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत फतेहपुर में एक 12 वर्षीय बच्चा करंट लगने से घायल हो गया। ग्राम में शासकीय बिल्डिंग अस्पताल बन रही है जिसके छत के ऊपर से 11 केवि लाइट लाइन निकली हुई है उसे पर खेल रहे दो-तीन बच्चे में से एक बच्चे को माथे में करंट लग गया। 14 जुलाई घटना के दिन बच्चों के अभिभावकों से बिल्डिंग के ठेकेदार ने बात करके इलाज कराने की बात कही। साथ ही इलाज में पैसे दिन की बात कही। एक सप्ताह बाद भी जब ठेकेदार से मदद मांगी तो उन्होने कहा कि हमारी कोई गलती नहीं है, तुम्हारा बच्चा चौकीदार के मना करने पर छत पर चढ़ गया था। जबकि जिम्मेदारी चौकीदार की है चौकीदार यदि रोकता तो यह घटना नहीं होती। हादसा शायद टल जाता। ठेकेदार का कहना यह है कि उसमें हमारी गलती कोई नहीं है आपका बालक खेलने के लिए हमारे छत पर आया था तो उसे करंट लग गया। वह आप जानो और आपके परिजन जाने। जबकि इसमें फुल कंट्रक्शन ठेकेदार की गलती है। क्योंकि कार्य प्रगति पर था तो आपको अन्य व्यक्तियों को अंदर जाने की इजाजत नहीं देनी थी। कंस्ट्रक्शन साईटों पर सुरक्षा की जिम्मेदारी ठेकेदारों को सुनिश्चित करनी चाहिये ताकि कोई घटना न हो। घटना होने पर बच्चों पर डालकर पल्ला झाड़ लेते है। परिवार ने कंस्ट्रक्शन करने वाले ठेकेदार पर कार्यवाही की मांग की है।

## श्री जी इंस्टीट्यूट पर की गई कार्यवाही, सीबीएमओ ने कराई प्राथमिकी दर्ज

**दमोह।** 16 अक्टूबर 2024 को तत्कालीन सीबीएमओ पथरिया डॉ. शशिकांत पटेल एवं प्रभारी तहसीलदार पथरिया श्री पाण्डेय द्वारा वार्ड क्रमांक 3 पथरिया के मकान में संचालित श्री जी इंस्टीट्यूट पथरिया में छापामार कार्यवाही की गई। इस दौरान संस्था में उपचार हेतु उपयोग की जा रही औषधियां एवं अन्य सामग्री बरामद की गई। संचालक के द्वारा संस्था संचालन संबंधी कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं पाया गया। क्षेत्रीय संचालक सागर संभाग द्वारा जांच में यह भी पाया गया कि उक्त औषधियां सागर जिले की रहली विकासखंड ग्राम ऊमरा में पदस्थ सीएचओ अरविंद पटेल के द्वारा प्रदान की गई। श्री जी इंस्टीट्यूट में कई अवैध पैरामेडिकल कोर्स भी संचालित होना पाया गया। उपरोक्त प्रकरण में श्री जी इंस्टीट्यूट पथरिया के संचालक शिवा ठाकुर, छोटू सींग लोधी एवं ग्राम ऊमरा रहली में पदस्थ सीएचओ अरविंद पटेल के विरूद्ध निम्न अधिनियमों के अंतर्गत थाना पथरिया में 08 जुलाई 2025 को मामला पंजीबद्ध किया गया।म.प्र. उपचार्य गृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनायें (पंजीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 संशोधन अधिनियम 2008 की धारा 3, 4 एवं 8 तथा औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 की धारा 18 (सी) एवं म.प्र. राज्य आर्युविज्ञान परिषद एक्ट 1956 एवं 1958 की धारा 24 में है।

# कार अनियंत्रित होकर पलटी, दो घायल



**दमोह।** छतरपुर हाईवे पर दमोह से नरसिंहगढ़ तरफ आ रही स्विफ्ट कार नरसिंहगढ़ की घटना भारत पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित होकर खेत में जा पलटी। सुबह 5 की यह घटना है। कार में सवार दो लोग घायल हो गये। लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। देहात थाना दमोह प्रभारी रचना मिश्रा ने बताया सुबह लगभग 4-5 के बीच में दमोह से बड़ा मलहरा जा रहे थे जिसमें दो लोग सवार थे फोर व्हीलर में घटना नरसिंहगढ़ भारत पेट्रोल पंप के पास की है। जानकारी मिली है दमोह अस्पताल से इलाज के लिए जबलपुर भेजा गया है।

# पिता की स्मृति में विगत 15 वर्षों से शिक्षक द्वारा किया जा रहा पौधारोपण

### पर्यावरण को संरक्षित करने एवं अपने पूर्वजों की स्मृति में पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

पिता की स्मृति को जीवन पर्यंत बनाए रखने और आने वाली पीढ़ी को इससे प्रेरित करने के लिए एक शिक्षक द्वारा अपने पिता की स्मृति में विगत 15 वर्षों से पौधारोपण का नेक कार्य किया जा रहा है। जबेरा निवासी शिक्षक सुशील कुमार जैन के पिताश्री सेठ मोतीलाल जी जैन विगत 15 वर्ष पूर्व अपनी आयु पूर्ण कर दिवंगत आत्मा में विलीन हो गए थे। तभी से उनके ज्येष्ठ पुत्र शिक्षक सुशील कुमार जैन द्वारा अपने पिता की पुण्यतिथि पर पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। अपने पिता की पुण्यतिथि पर और उनकी स्मृति में शिक्षक द्वारा विगत 15 वर्षों से किया जा रहा पौधारोपण का नेक कार्य पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश ही नहीं देता बल्कि अपने



पूर्वजों की स्मृति को हमेशा बनाए रखना की प्रेरणा भी देता है। वर्तमान में जबेरा जनपद की शासकीय माध्यमिक शाला पारना में पदस्थ शिक्षक सुशील कुमार जैन ने सोमवार को अपने पिता की 15वीं पुण्यतिथि पर शाला परिसर में फलदार पौधों का रोपण किया और उन्हें संरक्षित करने एवं पेड़ बनने तक उनकी देखभाल करने का संकल्प भी लिया है। शिक्षक सुशील कुमार जैन बताते हैं कि पूज्य पिताश्री की पुण्यतिथि पर और उनकी स्मृति में प्रतिवर्ष पौधारोपण करता आ रहा हूं और यह कार्य विगत 15 वर्षों से अलग-अलग स्थानों पर निरंतर की किया जा रहा है और इन पौधों की देखभाल भी करने का हर संभव प्रयास किया जाता रहा है एवं पौधारोपण में विभिन्न प्रजातियों के फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया है। शिक्षक सुशील कुमार जैन कहते हैं कि अपने पूर्वजों की स्मृतियों को हमेशा बनाए रखने के लिए पौधारोपण करने से अच्छा नेक कार्य कोई नहीं हो सकता जो हमारी आने वाली पीढ़ी को भी प्रेरणा देता है।

## निः शुल्क मोतियाबिंद आपरेशन शिविर आज

**हिण्डोरिया।** सुखसागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जबलपुर एवं द्वारकाधीश फाउंडेशन जबलपुर के संयुक्त संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय बस स्टैंड परिसर मे आगामी 22 जुलाई 2025 दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे से अपरांह 03 बजे तक एक दिवसीय निः शुल्क मोतियाबिंद आपरेशन नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में डॉ. पवन कुमार यादव ने बताया कि उक्त शिविर में चयनित होने वाले मरीज का इलाज आयुष्मान भारत योजना कार्ड के अंतर्गत निशुल्क किया जाएगा। मरीज को आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड शिविर मे साथ लेकर आना होगा। जांच के दौरान जो भी मरीज पात्र होगा। उसे उसी दिन शिविर स्थल से सुख सागर अस्पताल जबलपुर के वाहन से उपचार के लिए ले जाया जाएगा। एवं वापिस भी छोड़ा जायेगा। मरीज के भोजन, आवास एवं यात्रा की व्यवस्था निः शुल्क रहेगी। उक्त शिविर आयोजक पार्षद शानु खान एवं समाज सेवी सुजात खान ने सभी वर्ग समुदाय के लोगों से उक्त नेत्र शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्यवाही



**दमोह।** जिला दमोह यातायात पुलिस दमोह की वाहन चेकिंग कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर लगातार कार्यवाही जारी है। 02 जून 25 को ट्रक क्रमांक **MP** 20 एचबी 2025 का चालक ड्रिंक एंड ड्राइव करते एवं भार क्षमता से 23 टन अधिक परिवहन करते पाया गया था। जिसका प्रकरण माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। वाहन स्वामी के आवेदन पर न्यायालय द्वारा ट्रक वाहन स्वामी को सुपुर्द किया गया था। आज दिनांक को चालक के हाजिर होने पर प्रकरण का निराकरण किया गया एवं 76,000/- का जुर्माना लगाया गया था। आज दिनांक को भी एक ट्रेलर क्रमांक आरजे 05 जीबी 8050 का चालक ड्रिंक एंड ड्राइव करते पाया गया है जिसका प्रकरण तैयार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

# जैन मिलन शाखा के साथ विधायक स्कूल प्राचार्य शिक्षक व पदाधिकारियों ने रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

पटेरा जनपद की ग्राम पंचायत राजाबंदी हाईस्कूल परिसर एवं माध्यमिक शाला परिसर में श्री बडे बाबा जैन मिलन शाखा पटेरा कुंडलपुर के पदाधिकारी व सदस्यों के साथ क्षेत्रीय विधायक उमा देवी खटीक ने पौधे रोपे। इस अवसर पर थाना प्रभारी सरोज ठाकुर प्राचार्य व बीईओ मुकेश गूजरे, प्रधान अध्यापक मूसा खान, स्कूल स्टाफ व विद्यार्थी शामिल थे। विधायक उमा देवी खटीक ने पौधो की सुरक्षा करने की बात कही व पर्यावरण के संबंध में विशेष जानकारी दी। उन्होने जैन मिलन शाखा के कार्यो को सराहा। जैन मिलन की ओर से अध्यक्ष नरेन्द्र बजाज, मंत्री महेश जैन, राजेन्द्र बजाज, निर्मल जैन, अमित जैन, ज्ञानचंद जैन सहित सभी सदस्य शामिल रहे। इस अवसर पर दिलीप पटेल, गंगाराम पटेल, सुनील व्यास,





संतोष पटेल, सरपंच श्री दहात व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। संचालक कैलाश पटेल ने आभार माना।